Title: Regarding selling of shares of the Bharat Aluminium Company (BALCO) to a private company.

श्री माधवराव सिंधिया : माननीय सभापति महोदय, इस सरकार को संसदीय परम्परा, पद्धति और जो कंवेंशंस होते हैं, उनके प्रति कोई कदर है ही नहीं। आज कल जैसे आदत हो गई है, पार्लियामेंट का सत्र चल रहा है तब भी संसद सदस्य सरकारी निर्णयों के बारे में कोई जानकारी प्राप्त करते हैं तो वह संसद में नहीं बल्कि अखबारों से प्रप्त करते हैं, यह एक बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है। आज हमें इस निर्णय के बारे में समाचारपत्रों से जानकारी मिली कि बाल्को जैसी कैश रिच कम्पनी, जो संपन्न स्वस्थ कम्पनी है, उसे बहुत ही कम दाम में बेचा जा रहा है, यह देख कर हम बहुत स्तब्ध और आश्चर्यचकित रह गए। इस पर एक भारी प्रश्न-चिन्ह लगता है।

महोदय, कांग्रेस पार्टी ने बार-बार सरकार के सामने यह मांग रखी है कि विनिवेश नीति पर एक श्वेतपत्र प्रस्तुत किया जाए और उस श्वेत-पत्र में हमें कम से कम यह मालूम हो कि किस मापदंड के आधार पर निर्णय लिया जाता है कि ये पब्लिक सैक्टर यूनिट बेचे जाएंगे और ये नहीं बेचे जाएंगे। उस निर्णय के बाद किस तरह की प्रक्रिया उसके बेचने के मामले में अपनाई जाएगी। इसके अलावा हमने यह भी सुझाव दिया था कि निर्णय लेने के बाद जो विनिवेश की प्रक्रिया है, डिसइनवेस्टमेंट प्रोसेस है उसे कमीशन करे और सरकार उस प्रोसेस से अपनी थोड़ी दूरी रखे ताकि सरकार के इरादों पर कोई प्रश्न-चिन्ह न आए, लेकिन सरकार उन सम्पन्न कम्पनियों को कम कीमतों में बेचने पर इतनी दिलचस्पी दिखा रही है कि निश्चित रूप से हम संदेह की निगाह से आपकी और देखते हैं। आपका क्या इरादा है इस पर हमें पूरी तरह से आशंका है। पूर्व में यह कहा गया था कि जो विनिवेश किया जाएगा, जो यूनिट्स घाटा बना रहे हैं, क्रोनिक लॉस मेकिंग यूनिट्स, जो वित्तीय स्थिति के ऊपर भार है, उनका किया जाएगा।

लेकिन हम देख रहे हैं कि बार-बार संपन्न यूनिट्स जो भारी मुनाफे में हैं उनको बेचा जा रहा है। आज यह जो कटिंग्स पेपर में आई है

> "Government makes cutrate sale of BALCO. Sterlite grabs 51 per cent stake in BALCO for Rs.551 crore."

Sir, it is a very serious issue. So, I will have to bring some points on record.

551 करोड़ रुपये में इसको बेचा जा रहा है। इसका 51 प्रतिशत भाग स्टर्लाइट को दिया जा रहा है. The reserves of this company are Rs.460 crore. Who has done this valuation? The nation must know about this.उसका मूल्यांकन कौन कर रहा है, उसके बारे में भी पूरी जानकारी दी गयी है।

इसमें लिखा गया है कि पहले तो डिस-इंवैस्टमेंट कमीशन ने यह कहा था कि 40 प्रतिशत इसके शेयर बेचे जाएगें, लेकिन अब 51 प्रतिशत बेचकर एक प्राइवेट सैक्टर कंपनी को इसका पूरा मैनेजमेंट ट्रांसफर हो गया है। इसका मूल्यांकन करने के लिए किसको निर्धारित किया गया है? Shri P.V. Rao, a retired Civil Engineer, licensed only to assess land and building and with no previous experience was made the valuer. After that, he went to BALCO's main plant in Korba. चार दिन कोरबा में बिताए, दो दिन आसनसोल में बिताए और पांच दिन के अंदर-अंदर इसकी वैल्यूएशन रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। यह किस प्रकार की वैल्यूएशन है?

श्री शिवराज सिंह चौहान (विदिशा) : सभापति जी, आप क्रम से सदस्यों को बुलाएं।

सभापति महोदय : मैं क्रम से ही बुला रहा हूं।

श्री माधवराव सिंधिया : कृपा करके मुझे बोलने दें। जो संसद की नार्मस हैं मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं।

चार दिन में कोरबा प्लांट्स का वैल्यूएशन किया गया

Shri Rao says:

> "The methodology of the valuation of the Korba plant in four days was to pick up 10 per cent of the fixed assets as a representative of 90 per cent of the company's worth."

यह कौनसा सिस्टम है? I do not understand this system. इसके बाद उनसे पूछा गया -

"How do you account for the company's surpluses and reserves of Rs.460 crore?" He says: "These are extraneous matters. We only fixed assets."

आपने रिजर्व और सरप्लस को तो मूल्यांकन में सम्मिलित ही नहीं किया है।

सभापति महोदय : आपने बहुत विस्तार से आपना इश्यू रखा है।

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी (खजुराहो) : सभापति जी, यह बहुत गंभीर मसला है।

SHRI MADHAVRAO SCINDIA (GUNA): After that Shri Rao was asked about the company's market share. To this Shri Rao countered: "What is it? What is the market share? That is not relevant."

यह किस प्रकार का वैल्यूएशन करना वाला नियुक्त किया गया है। इसके बायोडाटा में लिखा है कि the biggest job he has done so far was to assess five star hotels and out of 22 accomplishements listed in his bio-data, 15 relate to property assessments and two to bycycle factories. But he has been asked to assess BALCO and he is giving this sort of answers.

सर, हम बहुत ही संदेह की निगाह से इसे देख रहे हैं। सरकार से हम चाहते हैं कि इस मामले में वह पूरी तरह से स्पटीकरण दे। यह कहते हैं कि पूरी तरह से पारदर्शिता अपनाई जाती है। मैं पूछना चाहता हूं कि कौनसी पारदर्शिता अपनाई जा रही है, इसका पूरी तरह से स्पटीकरण हो और सरकार बताए कि वह कब श्वेत-पत्र इस डिस-इंवैस्टमेंट पॉलिसी पर प्रस्तुत करेगी।

SHRI RUPCHAND PAL (HOOGLY): Mr. Chairman, Sir, the sale of BALCO is an anti-national act. ...(*Interruptions*)